दिनांक–13.11.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Construction of 100-Bedded Government SC/ST Welfare Hostel in the Campus of G.D. College, Begusarai कार्य से संबंधित निविदा के वित्तीय बीड पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की आहूत बैठक की कार्यवाहीः–

उपस्थितिः–

(i) **श्री प्रणव कुमार,** – **अध्यक्ष**
सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** – **सदस्य**
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–
विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना।

(iii) **ई0 रामाज्ञा कुमार,** – **सदस्य**
मुख्य अभियंता (उत्तर), भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iv) **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** – **सदस्य**
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना।
भवन प्रमंडल, बेगूसराय।

1.	योजना का नाम	–	**Construction of 100-Bedded Government SC/ST Welfare Hostel in the Campus of G.D. College, Begusarai.**
2.	योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि	–	₹4,90,62,000/– (अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग, बिहार का ज्ञापांक–147, दि0–30.10.2024)
3.	योजना की तकनीकी स्वीकृति की कुल राशि	–	₹4,69,35,621/– (मुख्य अभियंता (नि0) का पत्रांक 689 (नि0) अनु0 दिनांक–20.06.2025 एवं मुख्य विधुत अभियंता का ज्ञापांक–345(वि0) दिनांक–20.03.2025)
4.	योजना अन्तर्गत विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि	–	₹4,66,31,941/–
5.	निविदा आमंत्रण की तिथि	–	22.07.2026
6.	निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की अंतिम तिथि	–	30.08.2026
7.	निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि	–	30.08.2026
8.	प्री–बीड की बैठक की तिथि एवं समय	–	(a) दिनांक 20.08.2026 को 3.00 बजे अपराह्न में अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा के कार्यालय कक्ष में। (b) दिनांक 13.08.2026 को 3.00 बजे अपराह्न में मुख्य अभियंता (उत्तर) के कार्यालय कक्ष में।
9.	कार्य समाप्ति की अवधि	–	09 (नौ) माह।
10.	निविदा प्रसारण का माध्यम	–	ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र
11.	निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम	–	हिन्दुस्तान समाचार पत्र, दिनांक–25.07.2026
12.	प्रकाशन का पी0आर0 संख्या	–	008460(भवन)/2025–26
13.	निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता	–	i) GUNJAN KUMAR, AT+PO - POARI ,PS-HARNAUT , DIST - NALANDA (BCD Class-2, REG NO- 2240173)
		–	ii) RAJ CONSTRUCTION, PLOT NO.-A6, CENTRE MARKET, SECTOR-12 (BCD Class-1, REG NO- 2240183)
		–	iii) M/S KUMAR ABHISHEK, VASHISTH NAGAR (BCD Class-1, REG NO- 1250315)
		–	iv) M/s BINOD KUMAR, WRAD NO 23 ROAD NO 2 VISHWANATH NAGAR, BEGUSARAI-851101 (WRD Class-1, REG NO- WRD170126C1PE4)

- v) RAJ GOPAL SHARMA, PATNA-801112 (B Class-1, REG NO- 1250304)
- vi) SANT MENHI INFRATECH, NEAR GIRL HIGH SCHOOL ANAND NAGAR SEC-2 SABOUR, BHAGALPUR-813210 (PHED Class-1, REG NO- 280120250092)
- vii) EVOLERGY RENEWABLES LLP, ADD- RADHIYA, GOVINDGANJ, EAST CHAMPARAN, BIHAR-845401 (BCD Class-1, REG NO- 1260044)

14. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की समीक्षाः-**

प्रथम बार आमंत्रित निविदाः- विषयांकित कार्य हेतु प्रथम बार आमंत्रित निविदा में **एकमात्र** निविदाकार के सफल रहने के कारण वित्त विभाग के अधिसूचना सं0-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक में इस निविदा को रद्द कर **पुनर्निविदा** करने का निर्णय लिया गया था।

द्वितीय बार आमंत्रित निविदाः- विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित निविदा में सफल न्यूनतम निविदाकार "M/S BHARTI CONSTRUCTION, BEGUSARAI-851127 (BCD Class-1, REG NO- 1250093)" को भवन निर्माण विभाग के ज्ञापांक- 4288(भ0), दिनांक-13.05.2026 द्वारा निर्गत होने की तिथि (दिनांक-13.05.2026) से 2 (दो) वर्षो के लिए निलंबित किया गया है, जो आमंत्रित निविदा में मांगी गयी शर्त्तो को पूर्ण नहीं करता है। अतः उक्त के अनुसार इस निविदा के लिए न्यूनतम दरदाता योग्य नहीं होने के कारण इस निविदा को **रद्द कर 'पुनर्निविदा'** करने का निर्णय लिया गया था।

तृतीय बार आमंत्रित निविदा (वर्त्तमान में):- तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक-03.11.2026 को सम्पन्न बैठक में तृतीय बार आमंत्रित निविदा में **भाग लिये सात निविदाकारों में से तीन निविदाकार** (i) "GUNJAN KUMAR, AT+PO - POARI ,PS- HARNAUT, DIST - NALANDA (BCD Class-2, REG NO- 2240173)", (ii) M/S KUMAR ABHISHEK, VASHISTH NAGAR (BCD Class-1, REG NO- 1250315) **एवं** (iii) "M/s BINOD KUMAR, WRAD NO 23 ROAD NO 2 VISHWANATH NAGAR, BEGUSARAI-851101 (WRD Class-1, REG NO- WRD170126C1PF4)" को तकनीकी बीड में सफल घोषित किया गया था एवं दिनांक-09.11.2026 के पूर्वाह्न-10.00 बजे तक इस निविदा से संबंधित परिवाद/आपत्ति प्राप्त करने हेतु अवधि निर्धारित करते हुए उक्त कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने का निर्णय लिया गया था।

उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में तकनीकी बीड में सफल उक्त निविदाकार का वित्तीय बीड खोलने का निर्णय लिया गया था। निर्धारित अवधि तक किसी प्रकार की कोई परिवाद/आपत्ति नहीं प्राप्त होने के पश्चात् अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा का पत्रांक-2216 अनु0 दिनांक-12.11.2026 द्वारा तकनीकी बीड में सफल तीन निविदाकार का वित्तीय बीड खोलकर समर्पित किया गया है, जिसमें उनके द्वारा उद्धृत दर/राशि की स्थिति इस प्रकार हैः-

क्र. स.	निविदाकार	निविदा की राशि (अनुसूचित एवं गैर अनुसूचित मदों का)	संवेदक द्वारा उद्धृत दर/राशि	कुल राशि
1.	GUNJAN KUMAR, AT+PO - POARI ,PS- HARNAUT, DIST - NALANDA (BCD Class-2, REG NO- 2240173)	₹4,66,31,941/-	(17.67% कम) ₹3,83,92,077/-	₹3,83,92,077/- (तीन करोड़ तेरासी लाख बानवे हजार सतहत्तर रूपये)
2.	M/S KUMAR ABHISHEK, VASHISTH NAGAR (BCD Class-1, REG NO- 1250315)		(18.51% कम) ₹3,80,00,369/-	₹3,80,00,369/- (तीन करोड़ अस्सी लाख तीन सौ उनहत्तर रूपये)
3.	M/s BINOD KUMAR, WRAD NO 23 ROAD NO 2 VISHWANATH NAGAR, BEGUSARAI-851101 (WRD Class-1, REG NO- WRD170126C1PF4)		(12.91% कम) ₹4,06,11,757/-	₹4,06,11,757/- (चार करोड़ छः लाख ग्यारह हजार सात सौ संतावन रूपये)

उक्त सफल न्यूनतम निविदाकार " M/S KUMAR ABHISHEK, VASHISTH NAGAR (BCD Class-1, REG NO- 1250315)" द्वारा उद्धृत दर 18.51% कम है। तीनों सफल निविदाकार के अनुभव प्रमाण पत्र की जाँच संबंधित निर्गतकर्त्ता कार्यालय से करा ली गयी है, जो सही है।

15. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-

दिनांक-12.11.2026 को सम्पन्न बैठक में समिति द्वारा सर्वसम्मति से तृतीय बार आमंत्रित निविदा के वित्तीय बीड में सफल न्यूनतम निविदाकार "M/S KUMAR ABHISHEK, VASHISTH NAGAR (BCD Class-1, REG NO- 1250315)" के पक्ष में उनके द्वारा उद्धृत दर/राशि निविदा की राशि ₹4,66,31,941/- से 18.51% कम दर पर अर्थात् ₹3,80,00,369/- (तीन करोड़ अस्सी लाख तीन सौ उनहत्तर रुपये) मात्र पर कार्य आवंटित करने एवं "स्वीकृत्यादेश" निर्गत करने हेतु मुख्य अभियंता (उत्तर) को प्राधिकृत करने की अनुशंसा की गयी। साथ ही उक्त अनुशंसा पर सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया। तद्नुलोक में मुख्य अभियंता (उत्तर) विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

16. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-

Construction of 100-Bedded Government SC/ST Welfare Hostel in the Campus of G.D. College, Begusarai कार्य के वित्तीय बीड पर दिनांक-12.11.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है।

17. विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर डाली जाय।

13/11/26
(विकास कुमार पाण्डेय)
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार
भ0नि0वि0, पटना।

13.11.26
(रामाज्ञा कुमार)
मुख्य अभियंता(उत्तर)
भ0नि0वि0, पटना।

13.11.26
(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)
अभियंता प्रमुख-सह-अपर
आयुक्त-सह-विशेष सचिव,
भ0नि0वि0, पटना।

13/11/26
(प्रणव कुमार)
सचिव
भ0नि0वि0, पटना।

मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक- भ0उ0वि0/यो0(दर0)-74/2025 4755 पटना, दिनांकः 13/11/2026

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13.11.26
मुख्य अभियंता (उत्तर)।